भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.02.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 873 का उत्तर

केरल में रेल उपरिपुल का निर्माण

873. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **मदुरै रेल मंडल के अंतर्गत केरल में स्थित करयारा मन्नानकुझी मिनी रेलवे उपरिपुल के निर्माण से संबंधित कार्यों की स्थिति का ब्यौरा क्या है;**

(ख) **क्या रेलवे को एजुकोण ग्राम पंचायत से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसमें रख-रखाव और मरम्मत प्रभारों के लिए जमा राशि के तत्काल अग्रिम भुगतान को माफ करने और पर्याप्त समय के भीतर भुगतान करने के लिए कोई समझौता करने का अनुरोध किया गया है; और**

(ग) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में रेल प्राधिकारियों की क्या प्रतिक्रिया है?**

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): विलाकुडी ग्राम पंचायत, कोल्लम जिला से अनुरोध प्राप्त होने पर, पुनालूर और आवणीश्वरम रेलवे स्टेशनों के बीच 721/468 किलोमीटर पर कार्यारा मन्नानकुझी पर मिनी रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य निक्षेप शर्तों पर शुरू किया गया है। सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) को अनुमोदित किया गया है और विस्तृत अनुमान स्वीकृत किया गया है।

(ख) और (ग): एषुकोण ग्राम पंचायत से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****